pnb

बड़े देश का

Bada Bank



# कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2018–19

# Corporate Social Responsibility Report 2018-19

## TOWARDS A BRIGHTER TOMORROW

पंजाब नैशनल बैंक

...भरोसे का प्रतीक !

punjab national bank

...the name you can BANK upon !



श्री सुनील मेहता, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पंजाब नैशनल बैंक ने श्री अरुण जेटली, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री, भारत सरकार से उन्नत पहुंच और सेवा उत्कृष्टता (EASE) सुधार सूचकांक पुरस्कार, ग्राहक जवाबदेही पुरस्कार, उत्तरदायी बैंकिंग पुरस्कार, क्रेडिट ऑफ–टेक पुरस्कार और वित्तीय समावेशन को मजबूती प्रदान करना तथा डिजिटलाइजेशन पुरस्कार श्रेणी में प्रथम रनर अप पुरस्कार प्राप्त किया।

Shri Sunil Mehta, Managing Director & CEO Punjab National Bank receiving awards from Shri Arun Jaitley, Hon'ble Union Minister for Finance, Govt. of India for Enhanced Access and Service Excellence (EASE) Reforms Index Award, Customer Responsiveness Award, Responsible Banking Award , the Credit Off-take Award and the First Runners Up in Deepening Financial inclusion and Digitalization Award category.



श्री सुनील मेहता, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पंजाब नैशनल बैंक, बैंक के 125 वें स्थापना दिवस पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए।

Shri Sunil Mehta, Managing Director & CEO, Punjab National Bank presenting the Memento to Hon'ble Vice President of India Shri M.Venkaiah Naidu on 125th Foundation Day of the Bank.

# कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2018–19

# Corporate Social Responsibility Report 2018-19



## प्रबन्ध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

मुझे वर्ष 2018–19 के लिए बैंक की सीएसआर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में बहुत हर्ष का अनुभव हो रहा है। यह वर्ष बैंक का 125वां स्थापना वर्ष भी है। अपने दीर्घकालीन इतिहास में, पंजाब नैशनल बैंक सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और अपनी व्यावसायिक रणनीति में उसे पूर्णतः समायोजित भी किया है।

विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के वित्तपोषण द्वारा विकास को उत्प्रेरित करने और गरीबी का उन्मूलन करने की आर्थिक विचारधारा को ध्यान में रखते हुए, पीएनबी ने राष्ट्रीयकरण के बाद से ही असम्बद्ध क्षेत्रों में तेजी से अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। आज अर्ध–शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 60% से अधिक शाखाओं के साथ बैंक की उपस्थिति अत्यंत विशाल है। इसके अलावा, बैंक ने क्रेडिट के महत्वपूर्ण निवेश में हमेशा एक सूत्रधार की भूमिका निभाई है और प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण के संबंध में लगातार राष्ट्रीय लक्ष्यों को पार किया है।

पंजाब नैशनल बैंक में, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना (सीएसआर) संस्था के डीएनए में पूर्ण रूप रूप से समाहित है। बैंक जीवन को बेहतर बनाने के लिए स्थानीय और राष्ट्रीय प्रयासों के समर्थन में अग्रणी घरेलू बैंकों में से एक के रूप में अपनी भूमिका के महत्व को समझता है।

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित एक पूर्ण कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पॉलिसी है। बैंक की सीएसआर पॉलिसी इस बात की रूपरेखा प्रदान करती है कि हम अपने दैनिक कारोबारी कार्यों और परस्पर क्रियाओं में अपने मूल्यों

## MANAGING DIRECTOR & CEO MESSAGE

I take a great pleasure in presenting the Corporate Social Responsibility (CSR) Report of the Bank for FY'2018-19. This year also happens to be the 125th foundation year of the Bank. In its long history, Punjab National Bank has been a pioneer in taking up the social causes and has fully imbibed the same in its business strategy.

Keeping with the economic ideology of catalyzing development and amelioration of poverty by funding various self-employment schemes, PNB has expanded its presence rapidly in unbanked areas since Nationalization. Today Bank has a vast presence with more than 60% of its branches in semi urban and rural areas. Moreover, Bank has always donned the role of a facilitator in providing the vital input of credit and has consistently exceeded the national goals in respect of priority sector lending.

At Punjab National Bank, Corporate Social Responsibility (CSR) is engrained in the institution's DNA. The Bank values its role as one of the leading domestic banks in supporting local and national efforts for making lives better.

Bank has a full-fledged CSR Policy approved by the Board of Directors. The CSR Policy of the Bank provides the framework for how we

को कैसे एकीकृत किया जाए। इस पॉलिसी में सीएसआर के अंतर्गत कई पहलुओं को शामिल किया गया है जैसे:– साक्षरता प्रसार, धर्मार्थ ट्रस्टों को वित्तीय सहायता, वृक्षारोपण अभियान, गैर–नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना, मुफ्त चिकित्सा शिविर, रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर, समाज के हाशिए वाले वर्गों को सहायता प्रदान करना, बिल्डिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, विभिन्न अस्पतालों /स्कूलों की सहायता, आदि।

बैंक ने अपने सीएसआर एजेंडा को स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया है अर्थात सामाजिक पहल, स्वास्थ्य, हरित पहल, खेल को बढ़ावा देना इत्यादि। इसके अलावा, बैंक के पास पीएनबी प्रेरणा– बैंक के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की पत्नियों और सभी महिला वरिष्ठ अधिकारियों का एक संघ है जो समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

बैंक अपनी सीएसआर रिपोर्ट में प्रत्येक मानदंड की तुलना में हुई प्रगति का आंकलन और उसका उल्लेख कर रहा है। बैंक की सीएसआर रिपोर्ट बैंक द्वारा समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में की गई प्रगति को दर्शाती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने लगातार विविध गतिविधियों में भाग लेकर विविध और व्यापक सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना जारी रखा है। बैंक ने पीएनबी उजाला और पीएनबी लाडली जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास और लड़कियों की शिक्षा को लोकप्रिय बनाया है। इसके अलावा, किसान बालक शिक्षा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से गरीब कृषि उधारकर्ताओं के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पीएनबी विकास एक गाँव को गोद लेने की योजना है जिसमें गोद लिए गाँव को समग्र रूप से विकसित किया जाता है। सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, बैंक की स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए गाँवों के सरकारी स्कूलों में उपयोगिताओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखा है।

वर्ष के दौरान, बैंक ने केरल में बाढ़ प्रभावितों के लिए ''केरल के मुख्यमंत्री राहत कोष'' में योगदान दिया है, जिससे केरल की सरकार द्वारा किए गए पुनर्वास प्रयासों में जरूरतमंदों

integrate our values into our daily business practices and interactions. The policy covers a host of aspects under CSR such as spreading literacy, Financial support to charitable trusts, tree plantation drives, promoting use of non-renewable energy, free medical camps, blood donation and health check up camps, supporting marginalized sections of the society, building infrastructure, aiding various hospitals/schools, etc

Bank has clearly delineated the CSR agenda of the Bank i.e. Social Initiatives, Health, Green Initiatives, Promotion of Sports, etc. Further, the Bank has PNB PRERNA – an association of the wives of all senior officers and all women senior officers of the Bank which focuses on social and economic development of the community.

Against each parameter, the Bank is assessing the progress and mentioning the same in its CSR Report. The CSR report of the Bank brings out the progress made by the Bank in the area of Corporate Social Responsibility during the period under review.

During the year under review, the Bank continued to proactively undertake diversified and extensive social responsibilities by participating in a diverse range of activities. Bank has ensured rural infrastructure development and popularized Girls' education through schemes such as PNB Ujala and PNB Ladli. Besides, Kisan Balak Shiksha Protsahan Yojana scheme provides financial assistance to the students of poor agriculture borrowers. PNB Vikas is a Village Adoption Scheme wherein an adopted village is developed in a holistic manner.In line with the Government's Swachh Bharat Mission, Bank's SwachhVidyalaya Campaign continued to provide financial assistance for construction of utilities in the Government schools of adopted villages.

During the year, Bank has contributed to "Kerala Chief Minister's Relief Fund" for flood affected victims in Kerala, to bring succor to those in need

की सहायता करने में मदद मिल सकी। इलाहाबाद में प्रयागराज कुंभ मेला 2019 के लिए बैंक ने भी सीएसआर के तहत सहायता प्रदान की। बैंक ने भली प्रकार से संरचित अपने किसान प्रशिक्षण केंद्रों (FTCs) और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (RSETI) के माध्यम से ग्रामीण और गरीब लोगों को सशक्त बनाना जारी रखा हुआ है। ये केंद्र समावेशी विकास को सुनिश्चित करके प्रतिभागियों के प्रशिक्षण और आर्थिक उत्थान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बैंक ने विभिन्न स्थानों पर संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफएलसी) के माध्यम से वित्तीय साक्षरता के प्रसार में भी योगदान दिया है।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि बैंक को सीएसआर पहल की मान्यता में, इसे एशियामनी बैंकिंग अवार्ड्स 2019 द्वारा ''कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक'' के रूप में मान्यता दी गई।

बैंक अपने सभी हितधारकों अर्थात हमारे कर्मचारी, हमारे ग्राहक, हमारे शेयरधारक और समग्र रूप से समाज, के साथ जिम्मेदारी से बढ़ने तथा रिश्तों और संबंधों को गहरा बनाने में विश्वास करता है। कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से हम आगे बढ़ते हुए, एक बेहतर समाज बनाने के उद्देश्य से समाज का समर्थन करना जारी रखेंगे। हम सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील तरीके से व्यवसाय् करना जारी रखेंगे।

अंत में, मैं उन सभी लोगों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने इस वर्ष के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को सफल बनाने में योगदान दिया है।

सुनील मेहता

(सुनील मेहता)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

and help in rehabilitation efforts undertaken by Govt. of Kerala. Bank also provided assistance under CSR for "KumbhMela 2019" at Prayagraj, Allahabad. The Bank also continued to empower the rural and poor populace through its well-structured Farmers' Training Centres (FTCs) and Rural Self Employment Training Institutes (RSETIs). These centers are focusing on training and economic upliftment of participants to ensure inclusive growth. The Bank also contributed towards spreading the Financial Literacy by way of Financial Literacy Centres (FLCs) operating at various places.

I am happy to share that in recognition of Bank' CSR initiatives, it was recognized as the “Best Bank for Corporate Social Responsibility” by the Asiamoney Banking Awards 2019.’

The Bank believes in growing responsibly and deepening relationships and engagement with all our stakeholders viz. our employees, our customers, our shareholders and the society as a whole. Going forward, we will continue to support the society by way of active participation in programmes aimed at creating a better society. We will continue to conduct business in a manner that is sensitive to societal and environmental issues.

In the end, I would like to express my sincere thanks to all those who contributed towards making Corporate Social Responsibility a success during the year.

(Sunil Mehta)
Managing Director & CEO

## पंजाब नैशनल बैंक का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व दृष्टिकोण

1. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व बैंक का सामाजिक रूप से उत्तरदायी और प्रबुद्ध दृष्टिकोण है। हमारी सीएसआर नीति बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ बैंक के सामाजिक संबंधों को मजबूत करने हेतु प्रभावी और निरंतर सीएसआर कार्यक्रम सुनिश्चित करती है।

2. सीएसआर, समग्र पीएनबी कॉर्पोरेट व्यापार रणनीति का एक अभिन्न अंग है। व्यवसाय रणनीति के साथ सीएसआर की अवधारणाओं को एकीकृत करने के लिए, बैंक ने निम्नलिखित वचनबद्धताओं को अपनाया है:

2.1 स्थिरता
पीएनबी, परिवर्तन का एक उत्प्रेरक बनने का इरादा रखता है जो वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को लाभान्वित करता है। हमारे मुख्य व्यवसाय और अन्य गतिविधियों में – स्थिरता पीएनबी का एक अभिन्न अंग है। इस प्रकार, हम अपने सभी हितधारकों, समाज और पर्यावरण के लिए उत्तरदायी होने में विश्वास रखते हैं।

2.2 कॉरपोरेट स्वेच्छा
सीएसआर गतिविधियों के पीछे मुख्य उद्देश्य "समाज को वापस देना" है। सीएसआर के बारे में हम अपने कर्मचारियों को जो संदेश देते हैं, वह यह है कि आज हम जो कुछ भी करेंगे, उसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। इस प्रकार हम स्टाफ सदस्यों की पूर्ण भागीदारी और स्थानीय जनता की भागीदारी के साथ सीएसआर गतिविधियां सुनिश्चित करते हैं।

2.3 सामाजिक निवेश
सामाजिक रूप से जिम्मेदार संगठन होने के नाते, हम पीएनबी किसान कल्याण ट्रस्ट, पीएनबी शताब्दी ग्रामीण विकास ट्रस्ट, पीएनबी प्रेरणा, किसानों के प्रशिक्षण केंद्र, वित्तीय साक्षरता और क्रेडिट परामर्श केंद्र, ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य ऐसी पहल के माध्यम से समाज में योगदान करते हैं। हम वंचित समुदायों को शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने और उनके भविष्य को आकार देने में मदद करते हैं। इन सभी पहलों को हमारे द्वारा सामाजिक निवेश के रूप में

## Punjab National Bank's Corporate Social Responsibility Approach

1. Corporate Social Responsibility is socially responsible and enlightened attitude of the Bank. Our CSR policy is to ensure effective and sustained CSR programme to strengthen social ties of the Bank with the community at large.

2. The CSR is an integral part of the overall PNB corporate Business Strategy. To integrate the concepts of CSR with Business Strategy, the Bank makes the following commitments:

2.1 Sustainability
PNB intends to be a catalyst for change that benefits present and future generations. Sustainability is an integral part of PNB's activities – in our core business and beyond. Thus, we believe in being responsible to all our stake holders, society and the environment.

2.2 Corporate Volunteering
"Giving back to the society" is the prime motive behind our CSR activities. The message that we give to our staff regarding CSR is that whatever we do today will have an impact on future generations. Thus we undertake CSR activities with full participation of staff members and participation of local populace.

2.3 Social Investments
Being a socially responsible organization, we contribute to society through the PNB Farmers Welfare Trust, PNB Centenary Rural Development Trust, PNB Prerna, Farmers' Training Centres, Financial Literacy & Credit Counseling Centres, Rural Self Employment & Training Institutes, and other such initiatives. We help the underprivileged communities to overcome unemployment and poverty and shape their own future through education and skill development programmes. All these initiatives are counted

मान्यता दी जाती है।

2.4 स्वास्थ्य

हम इस विचार का पुरजोर समर्थन करते हैं कि स्वस्थ वातावरण में स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इस प्रकार, हम ऐसे क्षेत्रों में निवेश करते हैं जो इस तरह की वृद्धि को सुविधाजनक बनाते हैं। वर्ष 2018–19 के दौरान, बैंक ने कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ 396 सीएसआर गतिविधियां शुरू की। इसमें वर्ष के दौरान आयोजित 20 निः शुल्क चिकित्सा जांच शिविर, 47 रक्तदान शिविर शामिल हैं।

2.5 हरित पहलें

हमने बिजली, पानी, कागज आदि जैसे संसाधनों के संरक्षण के लिए कुछ त्वरित प्रतिफल देने वाली ''हरित पद्धतियों'' को लागू किया है। हम मौजूदा इमारतों में वर्षा जल संचयन के लिए प्रयास कर रहे हैं और पर्यावरण के अनुकूल नए निर्माणों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम पवन ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को लोकप्रिय बना रहे हैं। वर्ष के दौरान आयोजित 15 वृक्षारोपण शिविरों में 257 पौधे लगाए गए।

2.6 सहयोग

बैंक स्थानीय एजेंसियों के साथ संपर्क करता है ताकि स्थानीय जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जा सकें। हम बेहतर पहुंच के लिए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स और बिजनेस फैसिलिटेटर्स के रूप में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बैंक स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर स्वीकार्यता और उत्पादों को सुगम बनाने के लिए स्थानीय पंचायतों ६ स्वयं सहायता समूहों के साथ भी सहयोग करता है। स्थानीय संगठनों के साथ हमारे गठबंधन यह सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं कि हम ऐसे कार्यक्रमों का समर्थन कर रहे हैं जिनके सफल होने और दीर्घकालिक सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार साबित होने की प्रबल संभावना है।

2.7 खेलों को बढ़ावा

सीएसआर गतिविधि के एक भाग के रूप में खेलों को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के

by us as social investment.

2.4 Health

We strongly endorse the view that healthy mind and healthy body in a healthy environment is essential for overall growth of society and the nation. Thus, we invest in areas that facilitate such enhancements. During the year 2018-19, the Bank has undertaken 396 CSR activities with the active involvement of staff. This includes 20 free medical checkup camps, 47 Blood Donation Camps organized during the year.

2.5 Green Initiatives

We have implemented some quick win “Green practices” to conserve resources like electricity, water, paper, etc. We are making efforts for rainwater harvesting in existing buildings and encourage environment friendly new constructions. We are promoting wind energy and popularizing solar energy usage in rural areas. 257 saplings were planted in 15 Tree Plantation Camps organized during the year.

2.6 Collaboration

The bank engages with local agencies so as to offer facilities as per the local needs and requirements. We are working closely with local people as Business Correspondents and Business Facilatators for improved reach. The Bank also collaborates with local Panchayats / Self Help groups for facilitating better acceptability and dovetailing products as per requirements of local populace. Our alliances with local organizations help ensure that we are supporting programs that are most likely to succeed and facilitate long term positive change.

2.7 Promotion of Sports

The Bank continued in its efforts to promote sports and nurturing young talents as a part of CSR activity. The Bank has set up Hockey Academy in Sept. 2002 for junior hockey players in the age group of 14 to 18 years with

लिए बैंक ने लगातार प्रयास किए हैं। बैंक ने 25 खिलाड़ियों की स्वीकृत संख्या के साथ 14 से 18 वर्ष के जूनियर हॉकी खिलाड़ियों के लिए सितंबर 2002 में हॉकी अकादमी की स्थापना की है। इसके बाद, अप्रैल 2004 में, बैंक ने अपनी वरिष्ठ हॉकी टीम भी बनाई। वरिष्ठ खिलाड़ी बैंक के कर्मचारी हैं।

बैंक खिलाड़ियों को सभी लॉजिस्टिक सहायता और बुनियादी ढांचा प्रदान करता है और उन्हें हॉकी खिलाड़ियों के रूप में तैयार किया जाता है। जबकि जूनियर हॉकी टीम के खिलाड़ियों को निः शुल्क लॉजिंग, बोर्डिंग, स्टाइपेंड, प्लेइंग किट, कोच, एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड आदि प्रदान किए जाते हैं। सीनियर हॉकी टीम के खिलाड़ियों को प्लेइंग किट, आहार भत्ता, कोच, डाइटीशियन, फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाएं, एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड, बीमा आदि प्रदान किया जाता है।

वर्ष के दौरान बैंक की सीनियर हॉकी टीम ने दो प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीते दृ 29वां लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट, चंडीगढ़ और 47वां एस एन वोहरा अखिल भारतीय गुरमीत मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट, 2018, चंडीगढ़ और 55 वें नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट 2018 चंडीगढ़ में रनर अप रही। पीएनबी जूनियर हॉकी टीम इस अवधि के दौरान 8वीं अखिल भारतीय जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौम्पियनशिप 2018 (डिव. बी) भोपाल के क्वार्टर फाइनल में पहुंची।

sanctioned strength of 25 players. Subsequently, in April 2004, the Bank also formed its senior hockey team.The senior players are employees of the Bank.

Bank provides all logistic support and infrastructure to the players and they are groomed as hockey players. Whereas junior hockey team players are provided with free lodging, boarding, stipend, playing kit, coach, astro turf ground etc. Senior hockey team players are provided with playing kit, diet allowance, coach, dietician, physiotherapist's services, astro turf ground, insurance etc.

During the year the senior hockey team of the bank won two prestigious tournaments – 29th Lal Bahadur Shastri Hockey Tournament, Chandigarh and 47th S.N.Vohra's All India Gurmeet Memorial Hockey Tournament 2018, Chandigarh and had been Runner up in 55th Nehru Senior Hockey tournament 2018 Chandigarh. PNB Junior Hockey team reached to the quarter final of 8th All India Junior Men National Championship 2018 ( Divn B) Bhopal during the period.

श्री सुनील मेहता, बैंक के एमडी एवं सीईओ ने पीएनबी हॉकी टीम को सम्मानित किया। चित्र में श्री एल.वी.प्रभाकर, कार्यपालक निदेशक, श्री सतीश के नागपाल, सीवीओ एवं श्री बी.एन. मिश्रा, महाप्रबंधक भी दिखाई दे रहे हैं।



Shri Sunil Mehta, MD & CEO of the Bank felicitating PNB Hockey Team. Also seen in the picture are Shri L.V.Prabhakar ,Executive Director, Shri Satish K Nagpal, CVO and Shri B.N.Mishra, General Manager.

2.8 अन्य सीएसआर पहल

पीएनबी प्रेरणा, बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की पत्नियों के साथ–साथ बैंक की वरिष्ठ महिला अधिकारियों का एक संघ बैंक की सीएसआर गतिविधियों को शुरू करने /दिखाने / बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहलों का समर्थन करना है।

2.8 Other CSR Initiatives

PNB Prerna, an association of the wives of the senior officials of the Bank as well as senior lady officials of the Bank is performing a vital role in undertaking/showcasing/promoting the Bank's CSR activities. The prime objective of the association is to support the Corporate Social Responsibility initiatives of the Bank.

डॉ.जयंती मेहता, अध्यक्षा और श्रीमती बिंदू शरण, श्रीमती विजिता लिंगम एवं श्रीमती मधु नागपाल पीएनबी प्रेरणा की उपाध्यक्षाओं ने महिला कौशल विकास योजना के तहत कौशल विकास की आर्थिक गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित महिलाओं को पांच सिलाई मशीनें वितरित कीं।




Dr. Jayanti Mehta, President and Smt. Bindu Sharan, Smt. Vijitha Lingam & Smt. Madhu Nagpal, Vice Presidents of PNB Prerna distributing five sewing machines to the women trained for undertaking the economic activities of skill development under Mahila Kaushal Vikas Yojana

डॉ.जयंती मेहता, अध्यक्ष और श्रीमती विजिता लिंगम एवं श्रीमती मधु नागपाल पीएनबी प्रेरणा उपाध्यक्षाओं ने मेट्रो स्टेशन सेक्टर –10 द्वारका नई दिल्ली में एक स्वच्छता अभियान "स्वछता ही सेवा" के अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों को लोई (ऊनी शॉल) वितरित किए।




Dr.Jayanti Mehta, President and Smt. Vijitha Lingam & Smt. Madhu Nagpal, Vice Presidents of PNB Prerna distributing distributed Lohis (woolen shawls) to Safai Sevaks during campaign of "Swachhata Hi Seva" a cleanliness drive at Metro Station Sector-10 Dwarka, New Delhi.

## वर्ष के दौरान सीएसआर गतिविधियों की मुख्य विशेषताएं
## Highlights of CSR Activities during the year



श्री सुनील मेहता, बैंक के एमडी एवं सीईओ, पीएनबी प्र.का. सेक्टर –10 द्वारका नई दिल्ली के पास बैंक द्वारा शुरू किए गए ''स्वच्छ्ता ही सेवा'' अभियान के दौरान।

Shri Sunil Mehta, MD & CEO, of the bank during "Swachchata Hi Sewa" campaign launched by the Bank near PNB HO Sector-10 Dwarka New Delhi



श्री सुनील मेहता, बैंक के एमडी एवं सीईओ, सीएसआर गतिविधि के तहत इलेक्ट्रॉनिक प्रकाश की स्थापना के लिए गांव–ढुढीके में लाला लाजपत राय मेमोरियल समिति को एक चेक प्रदान करते हुए। चित्र में दृश्यमान हैं श्री बी.एन. मिश्रा, महाप्रबंधक तथा श्री पी.के.आनंद, अंचल प्रबन्धक लुधियाना।

Shri Sunil Mehta, MD & CEO of the bank delivering a cheque to Lala Lajpat Rai Memorial Committee at Village-Dhudhike for the installation of electronic lights under the CSR activity. Also seen in picture are Shri B.N.Mishra,General Manager and Shri P.K.Anand, Zonal Manager Ludhiana.



श्री सुनील मेहता, बैंक के एमडी एवं सीईओ, कुंभ मेला प्रयागराज में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत श्री योगी आदित्यनाथ माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश को चेक प्रदान करते हुए। चित्र में श्री बी.एन.मिश्रा, महाप्रबंधक, श्री विवेक झा, अंचल प्रबन्धक लखनऊ भी दिखाए दे रहे हैं।

Shri Sunil Mehta, MD & CEO of the Bank presenting a cheque to Shri Yogi Adityanath Hon'ble Chief Minister, Uttar Pradesh under Corporate Social Responsibility for KumbMela Prayagraj. Also seen in the picture are Shri B.N.Mishra, General Manager, Shri Vivek Jha, Zonal Manager Lucknow.

बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री एल.वी. प्रभाकर पटना एयरपोर्ट के परिसर में पौधारोपण करते हुए। चित्र में श्री डी.के. पालीवाल, अंचल प्रबन्धक तथा श्री सुधीर दलाल, मंडल प्रमुख पटना भी दिखाई दे रहें हैं।



Shri L.V.Prabhakar, Executive Director of the bank, planting a sapling at the premises of Patna Airport. Also seen in the picture are Shri D.K.Paliwal, Zonal Manager and Shri Sudhir Dalal, Circle Head Patna.

---

बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री अज्ञेय कुमार आजाद, पुलवामा के शहीदों के लिए जयपुर अंचल के स्टाफ सदस्यों द्वारा योगदान राशि के लिए चेक प्राप्त करते हुए।



Shri Agyey Kumar Azad, Executive Director of the bank, receiving a cheque for the amount contributed by the staff members of Jaipur Zone for the martyrs of Pulwama.

---

डॉ. जयंती मेहता, अध्यक्षा और श्रीमती मीरा देवी एवं श्रीमती मधु नागपाल, उपाध्यक्षा पीएनबी प्रेरणा, पीएनबी लाडली योजना के तहत सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रानीखेड़ा दिल्ली के मेधावी छात्रों को अध्ययन सामग्री वितरित करते हुए।



Dr. Jayanti Mehta, President and Smt. Meera Devi & Smt. Madhu Nagpal, Vice Presidents of PNB Prerna distributing study material under PNB Ladli Scheme to meritorious students of Govt. Senior Secondary School, Ranikhera Delhi.

## अंचल स्तरीय सीएसआर पहलों की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

### अंचल कार्यालय आगरा:

➢ बैंक की सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में :

- एक चिकित्सा स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित किया गया।
- हरित पहल के तहत एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिगंबर जैन मंदिर, बरेली के छात्रों को खाद्यान्न, वाटर कूलर, किताबें और बैग वितरित किए गए।

## Highlights of Field Level CSR Initiatives are as under:

### ZONAL OFFICE AGRA:

➢ As part of bank's CSR activities :

- A Medical health check-up campwas organized.
- As part of Green initiative, 1 tree plantation programme was organized.
- Food grains, water cooler, books and Bags were distributed to students to Digamber Jain Mandir, Bareilly.




पीएनबी किसान प्रशिक्षण केन्द्र, आगरा में अंचल प्रबंधक, आगरा श्री बी.एस. मान साइकिल वितरित करते हुए। छायाचित्र में आगरा मंडल कार्यालय प्रमुख श्री पी.एस गुप्ता भी दृश्यमान हैं।

Shri B.S. Mann, Zonal Manager Agra distributing cycles at PNB Farmers Training Center, Agra. Shri P.K Gupta, Circle Head Agra also seen in the picture.

### अंचल कार्यालय भोपाल:

➢ बैंक की सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में:

- 6 चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 273 रोगी लाभान्वित हुए।
- हरित पहल के तहत 2 वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए और 24 पेड़ लगाए गए।
- 3 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए और 92 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### ZONAL OFFICE BHOPAL:

➢ As part of bank's CSR activities :

- 6 Medical health check-up camps were organized in which 273 patients benefitted.
- As part of Green initiative, 2 tree plantation programmes were organized and 24 trees were planted.
- 3 blood donation camps were organized and 92 units of blood collected.




बैंक के 124 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अंचल प्रबंधक, भोपाल श्री विशेष कुमार श्रीवास्तव मध्य प्रदेश के रंगाई गांव के सरपंच को पानी का घड़ा वितरित करते हुए।

Shri Vishesh Kumar Srivastava, Zonal Manager Bhopal distributing water pots to Sarpach, Village Rangai, M.P on the occasion of Bank's 124th Foundation Day.

## अंचल कार्यालय चंडीगढ़:

➢ बैंक की सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में:

- हरित पहल के तहत एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 6 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए और 240 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।
- पीएनबी प्रेरणा, मंडल कार्यालय हिसार ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कुल को सेफ्टी नैपकिन प्रदान किए।
- शैशव स्कूल, हिसार को 2 कूलर दान किए गए।
- मंडल कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा वृद्धाश्रम में अलमारी वितरित की गईं ।
- मंडल कार्यालय, हिसार के अंतर्गत पंचायती राज विभाग, सिरसा को एलईडी लाइटें वितरित की गईं।

## ZONAL OFFICE CHANDIGARH:

➢ As part of Bank's CSR activities :

- As part of Green initiative, a tree plantation programme was organized.
- 6 blood donation camps were organized and 240 units of blood collected.
- PNB Prerna, Circle Office Hissar provided Safety Napkins to Govt. Senior Secondary School.
- 2 coolers were donated to Shaishav School Hissar.
- Almirah's were distributed at Old Age Home by Circle Office Chandigarh.
- LED Lights were distributed to Panchayati Raj Vibhag, Sirsauner Circle Office Hissar.

अंचल प्रबंधक, चंडीगढ़ श्री आलोक श्रीवास्तव पंजाब के चंडीगढ जिला के किशनगढ़ में सरकारी स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित करते हुए. छायाचित्र में है श्री एस. एन. डी. बंसल, उप अंचल प्रबंधक, चंडीगढ़ और चंडीगढ़ मंडल कार्यालय प्रमुख, श्री संजीव कुमार बजाज।



Shri Alok Srivastava, Zonal Manager Chandigarh distributing study material to needy students at government school in Kishangarh, Distt. Chandigarh, Punjab. Also seen in the picture are Shri S.N.D. Bansal, Deputy Zonal Manager, Chandigarh and Shri Sanjeev Kumar Bajaj, Circle Head Chandigarh.

---

## अंचल कार्यालय चेन्नई:

➢ बैंक की सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में :

- एक चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।
- 4 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए और 126 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।
- मंडल कार्यालय, चेन्नई ने चेन्नई के विलुप्पुरम नगरपालिका में पार्क के रखरखाव तथा शौचालयों के निर्माण के लिए योगदान दिया।
- मंडल कार्यालय, चेन्नई द्वारा डोवेटन स्कूल के वृद्धाश्रम में एयर कंडीशनर लगाया गया।

## ZONAL OFFICE CHENNAI:

➢ As part of bank's CSR activities :

- A Medical health check- up camp was organized.
- 4 blood donation camps were organized and 126 units of blood collected.
- Circle Office Chennai contributed for maintaining park and construction of toilets at Viluppuram Municipality, Chennai
- 1 Air Conditioner was installed at Old Age Home at Doveton School by Circle Office Chennai.

मंडल प्रमुख, बैंगलुरु श्री रामदास के. हेडगे, बैंगलुरु के एजीएस लेआउट गवर्नमेंट स्कूल में नोटबुक वितरित करते हुए।




Shri Ramdas K Hedge, Circle Head Bangalore distributing note books to Govt. School AGS Layout, Bangalore

---

**अंचल कार्यालय दिल्ली:**

- बैंक की सीएसआर गतिविधियों के भाग के रूप में :
  - 2 चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 250 रोगी लाभान्वित हुए।
  - हरित पहल के तहत 3 वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए और 21 पेड़ लगाए गए।
  - 3 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए और 121 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।
  - मंडल कार्यालय, उत्तरी दिल्ली के अंतर्गत डीएएस वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन, नई दिल्ली को चार 3 सीटर स्टेनलेस स्टील सोफा वितरित किए गए।
  - मंडल कार्यालय, उत्तरी दिल्ली के अंतर्गत ऑल इंडिया कंफेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड, दिल्ली को 3 रूम कूलर वितरित किए गए।

**ZONAL OFFICE DELHI:**

- As part of bank's CSR activities :
